

# झामरिया रोड पर फंसा खाद से भरा ट्रक

▸ घटिया सीवरेज कार्य से धंसी सड़क, लगा लम्बा जाम



**बड़वानी, ( नवभारत )।**

शहर के झामरिया रोड पर शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे भाटिया ट्रांसपोर्ट सर्विस का खाद से भरा एक ट्रक सड़क में धंस गया। इससे लंबा जाम लग गया और यातायात व्यवस्था बाधित हुई। यह घटना सीवरेज निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता के कारण हुई, जिसकी पोल एक बार फिर खुल गई है।

स्थानीय निवासियों ने सीवरेज कार्य के बाद सड़क की मरम्मत ठीक से नहीं होने और गड्ढे न भरे जाने पर नाराजगी जताई है। निवासी राजमल मारू ने आरोप लगाया कि इसी कारण आए दिन वाहन फंसते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

### ठेकेदार के भुगतान पर रोक की मांग

स्थानीय निवासी राजेश कुमावत ने बताया कि उनके घर के सामने ही एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रक का एक हिस्सा सड़क में धंस गया। यदि ट्रक पलट जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी। यह सड़क कई ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ती है। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते काम की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने जिम्मेदार ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाने की भी मांग की है।

**गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूर्ण करने के ठेकेदार को दिए गए हैं सख्त निर्देश**

इस मामले में नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि निक्कू चौहान ने बताया कि झामरिया रोड़ पर निर्माण कार्य को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई हैं। संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। चौहान ने कहा कि यदि कार्य में लापरवाही पाई जाती है, तो भुगतान रोकने सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# पुलिस अधीक्षक से मिला सर्व ब्राह्मण समाज

**बड़वानी, ( नवभारत )।**

पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल का सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर भगवान परशुराम जन्मोत्सव 19 अप्रैल को धूमधाम से मनाने की जानकारी दी। साथ ही समाजजनों ने पदयात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के लिए पुलिस अधीक्षक को आमंत्रित किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ, युवा और अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**एक नजर में**

## थाना अंजड़ में सिम विक्रेताओं की बैठक, फर्जी सिम बिक्री रोकने पर सख्त निर्देश जारी



**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर तथा एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में जिले के अंजड़ थाने परिसर में थाना प्रभारी रेवाराम चौहान के नेतृत्व में 3 अप्रैल को मोबाइल सिम विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सायबर अपराधों एवं फर्जी सिम के दुरुपयोग की रोकथाम के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सिम विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सिम विक्रय के दौरान डिजिटल केवाईसी अनिवार्य रूप से किया जाए तथा किसी भी स्थिति में फर्जी सिम जारी नहीं की जाए। प्रत्येक लेन-देन का विधिवत रिकॉर्ड संधारित रखने, ग्राहकों के फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्राप्त करने तथा पुराने मोबाइल क्रय करते समय वैध बिल लेने के निर्देश दिए गए। साथ ही बिना वैध अनुमति मोबाइल लॉक न तोड़ने एवं बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन सुनिश्चित करने के उपरांत ही सिम सक्रिय करने के लिए निर्देशित किया गया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# डायल-12 की तत्परता से बची जान



**पानसेमल, ( नवभारत )।**

थाना क्षेत्र में डायल-112 (एफआरवी) और पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक महिला की जान बचाई गई। खड़की रोड़ स्थित एक कुएं में गिरी महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम

जानकारी अनुसार डायल-112 वाहन के पायलट संदीप पाटिल एवं प्रधान आरक्षक दिलीप वसावे को भरत राजपूत द्वारा सूचना दी गई कि एक महिला कुएं में रस्सी के सहारे फंसी हुई है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मंशाराम वगेन द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर भेजा गया। मौके पर एफआरवी स्टॉफ संदीप पाटिल, प्रधान आरक्षक दिलीप वसावे, आरक्षक ज्ञानसिंह तरोले, आरक्षक नवीन अटोदे, आरक्षक संजय डावर एवं सहयोगी दिनेश बाविसकर ने ग्रामीणों के सहयोग से खटिया में रस्सी बांधकर महिला का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया।

रेस्क्यू के बाद महिला को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। महिला ग्राम गोंगवाड़ा निवासी बताई जा रही है। फिलहाल उसकी स्थिति सुरक्षित है एवं पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

थाना प्रभारी मंशाराम वगेन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिले में आमजनों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। डायल-112 वाहनों को आधुनिक उपकरणों जैसे रस्सी, कटर, स्ट्रेचर आदि से सुसज्जित किया गया है। जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता दी जा सके।

पुलिस की आमजनों से अपील है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल-112 पर सूचना दे, ताकि समय पर सहायता पहुंचाई जा सके।

# बोरिंग से निकल रहा लाल-काला पानी

▸ किसानों की चिंता बढ़ी, अन्य साधनों से मंगा रहे पीने का पानी

**पानसेमल, ( नवभारत )।**

तहसील के रामा फलिया में बोरिंग से हल्का लाल और काले रंग का पानी निकलने से किसानों को चिंता सता रही हैं। तहसील की ग्राम पंचायत बालझिरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले रामा फलिया निवासी मुकेश हलवदार डावर ने बताया कि उनके खेत सहित आसपास के खेतों में करीब 1 वर्ष से ट्यूबवेल से ऐसा पानी निकल रहा है।



इस बात से उन्होंने अधिकारियों को भी अवगत कराया है। इस पानी के कारण उनकी मक्का की फसल भी एक बार खराब हो गई थी। उनका परिवार वर्तमान में पेयजल के लिए निकट के खेत से पानी ला रहे हैं। आसपास के रहवासियों को किसी बीमारी से ग्रसित होने का भय बना हुआ है। मामले को लेकर तहसीलदार सुनील सिसोदिया ने इस पानी को पीने योग्य नहीं बताया। स्थानीय निकाय से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए जाने की बात कही। साथ ही पीएचई अधिकारियों से चर्चा कर उसमें क्या सुधार किया जा सकता है। इसके लिए प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्षाकाल के दौरान भी इस तरह की शिकायत प्रशासन को मिली थी, जिसके बाद पानी के सैंपल लिए गए थे।

## बालिकाओं को लगाया एचपीवी का टीका

**बड़वानी।** शासकीय एकलव्य आदर्श बालिका छात्रावास बुदी ( पाटी ) में 14 वर्ष की बालिकाओं को डॉ. सुरेखा जमरे सीएमएचओ और डॉ. अतुल राठौड़ जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम के लिए एचपीवी टीके के संबंध में जानकारी देते हुए बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के संबंध में समझाइश देकर इसे लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही 30 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया।



# हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र में हुए धार्मिक आयोजन

**पारा. हनुमान जन्मोत्सव पर पारा रतिमाली नवापाड़ा सहित क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिर पर धार्मिक आयोजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया था द्य जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धांलू जनो ने भाग लिया व भंडारे की भोजन प्रसादी ग्रहण की. प्राप्त जानकारी के अनुसार पारा नगर के बस स्टेण्ड स्थिति प्राचीन हनुमान मंदिर राम मंदिर पर सुबह छे बजे ढ़ोल नगाड़ो के साथ हुनमान लला जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया व आरती के बाद टिकक्ड गुड़ चना श्रीफल आदि का भोग लगा कर प्रसादी वितरण की गई**

वही बोरी रोड स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर पर हवन पूजन के बाद शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया था जिसमे नगर जनता सहितबड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण अंचल के श्रद्धालुओं ने भी देर रात तक भंडारे की की प्रसादी ग्रहण की .

वही झाबुआ रोड स्थित महाबल पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हवन पूजन के साथ मंदिर और सभा मंडप पर पंडित संजय शर्मा व राजेश दास बैरागी के सानिध्य में पीतल के ध्वज दंड व कलश की स्थापना की गई द्य शाम को मंदिर पर महा आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की द्य

भंडारे की प्रसादी के समय तेज आंधी के साथ ओले की बारिस भी हुई जो की करीब आधा घंटा के लगभग हुई जिससे भंडारे में व्यवधान हुआ किन्तु बाद में स्थिति सामान्य होने पर सभी स्थानों पर देर रात तक भंडारा निर्बाध रूपये से चलता रहा द्य

ग्रामीण अंचल में लगभग सभी स्थानों पर हनुमान जी को चोला चढ़ा कर आरती की गई साथ ही भंडारा करने के समाचार भी मिले

# फुटतालाब श्रीहनुमान जयंती का ऐतिहासिक समापन...

**मेघनगर.** प्रदेश भर में अपनी पहचान बना चुके प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीवनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर चल रहे श्री हनुमान जयंती का अभूतपूर्व समापन गुरुवार रात भारत के प्रसिद्ध और अत्याधिक लोकप्रिय गायक पदमश्री सुरेश वाडेकर की भजन संध्या के साथ हुआ । पद्मा सुरेश वाडेकर और उनके साथ पहुँची उनकी धर्मपत्नी पदमा वाडेकर ने अपनी भजन संध्या का प्रारंभ श्री हनुमान चालीसा के साथ किया वही भगवान राम को समर्पित उनकी भक्ति से जुड़े और उनकी कृपा को वर्णित करने वाले भजनों की प्रस्तुतियाँ भी दी। उन्होंने पप्पू भैया और लोगों की माँग पर फिल्म हिना प्रेम रोग ईमानदार के साथ माचिस और सत्या फिल्म के भी गाने गाये द्य प्रमुख रूप से मैं देर करता नहीं देर हो जाती है और इस दिल में क्या रखा है हुस्न पहाडो का सपने में मिलती है कुडी मेरी सपने में मिलती है लगी आज सावन की फिर वो झडी है जैसे लोकप्रिय गानों को गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया उनके हर गाने की शुरुआत में और समापन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया ।

वहीं इतने बड़े कलाकार को फुटतालाब में बुलाने के लिएँ पप्पू भैया और रिंकू भैया के साथ श्रीवनेश्वर मारुति नंदन हनुमान जयंती समिति का भी आभार व्यक्त किया द्य पूरे दिन मंदिर में श्रीराम भक्ति में डूबे भक्तों का मंदिर में दर्शन करने के लिएँ ताँता लगा रहा द्य जिले के और मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित आयोजन में इस बार हजारों की संख्या में लोगों ने अलग-अलग दिनों में जहाँ धार्मिक कार्यक्रमों को निहारा वही मंदिर के दर्शन के साथ मेले में भी लोगों की भीड दिखाई दी....गोकुल शर्मा जैसे गायकों ने जहां युवाओं को भगवान श्री कृष्ण की भक्ति से जोड़ा वही अलग-अलग दिनों में भजन गायक आशा वैष्णव ने माँ के भजनों से श्रद्धालुओं के हृदय को आस्थाओं से भर दिया द्य बृज के कलाकारों ने वृंदावन की बाल कृष्ण श्रीराधेकृष्ण की नृत्य से भरी रासलीलाओं ने एवँ दिल्ली के मोंटी नटराजन और ग्रुप द्वारा श्रीराधेकृष्ण की झाँकियों की प्रस्तुतियों ने मध्य प्रदेश में फुटतालाब के नक्शे को धार्मिक परंपराओं का गहरा रंग दे दिया 1द्धद्ध इंडियन आईडियल से भारत भर में अपनी पहचान बना चुकी अरुणिता काँजीलाल ने सत्यम शिवम सुँदरम एक राधा एक मीरा दोनों ने श्याम को चाहा जैसे भजन गाकर लोगो को भगवान शिव की और श्रीकृष्ण प्रेम से जोडा द्य समापन अवसर पर मध्य प्रदेश के समाजसेवी श्री सुरेश चंद्र पूरणमल जैन राजेश रिंकू जैन और मंदिर के महंत दिलीपदास जी महाराज श्रीरामदास जी त्यागी टाट वाले बाबा के साथ जैकी जैन सीमा जैन , नीता जैन अंतिम बाला , पूजा जैन, अंकित जैन, बिन्नी रिनिश तानिष पूर्वा जैन अर्चित जैन जुही जैन हार्दिक कोठारी पप्पू भैया मित्र मंडल के ने सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धर्म प्रेमी जनता के साथ यहाँ पहुंचे कलाकारों का भी विनम्र आभार व्यक्त किया मध्य प्रदेश के यशस्वी समाजसेवी श्री सुरेश चंद्र पूरणमल जैन और राजेश रिंकू जैन कहा कि यह कार्यक्रम धार्मिक परंपराओं को लगातार मजबूत करता हुआ दिखाई देता है इस पूरे कार्यक्रम में जहां स्थानीय जनता के साथ प्रदेश के अलग-अलग जिलों राज्यों की जनता का अमूल्य योगदान है वही यहाँ अलग-अलग क्षेत्र से आये साधु संतों का आशीर्वाद भी इस कार्यक्रम को मिलता रहा है भविष्य में इस कार्यक्रम को और अधिक बेहतर और भव्य बनाने के काम किए जाएंगे इस अवसर पर विशेष रूप से आयोजकों ने जिला एसपी, जिले की कलेक्टर् मेघनगर थाना प्रभारी एसडीओपी एसडीएम तहसीलदार मेघनगर नप अध्यक्ष उपाध्यक्ष सभी पार्षद और सीएमओ सहित पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया ।



# ढाई लाख से ज्यादा भक्तों ने किए रणजीत बाबा के दर्शन

▸ भक्तों के लिए लाइनों में विशेष सुविधा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज हनुमान जयंती पर रणजीत बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. शाम 7 बजे तक करीब ढाई लाख से ज्यादा भक्तों ने दर्शन कर लिए थे और देर रात तक दर्शन का सिलसिला निरंतर चलता रहेगा. इस बार मंदिर समित ने भक्तों के लिए लाइनों में विशेष खानपान के सुविधा की.**



आज हनुमान जयंती पर शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही. शहर प्रसिद्ध और आस्था के सबसे बड़े केंद्रों में से एक रणजीत हनुमान मंदिर पर सुबह चार बजे से ही भक्तों दर्शन हेतु लाइन लग गई थी. स्थिति यह हो गई है दिन उगने के साथ मुख्य सड़क पर लंबी लंबी लाइन लग गई. मंदिर परिसर में बनाया टेंट शामियाना और रैलिंग में भारी भीड़ जमा हो गई. रणजीत हनुमान परिसर में भक्तों के लिए सुबह से देर रात तक अलग-अलग समूहों द्वारा भजन संध्या की जा रही है. साथ परिसर में 40 से ज्यादा कूलर और पंखे लगाए गए है. परिसर में स्थित रेलिंग के रास्ते में भक्तों को शरबत, फ्रूट सलाद, ज्यूस, ठंडा पानी और छाछ वितरण किया जा रहा है. ध्यान रहे कि रणजीत हनुमान बाबा का श्रृंगार सूरत से विशेष रूप से तैयार करके बुलवाई गई ड्रेस में केसरिया महल बनाकर किया गया है.

**चलित भंडारा 7 अप्रैल को**

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि सुबह महाआरती के समय 20 हजार भक्त मौजूद थे. इसके बाद से लगातार भक्तों के दर्शन करने आने का सिलसिला निरंतर चल रहा है. अभी शाम तक करीब ढाई लाख से ज्यादा भक्त बाबा के दर्शन कर चुके हैं. पुलिस और प्रशासन के विशेष सहयोग से भक्तों को भी गर्मी के हिसाब से सुबह से ही पानी से लेकर शरबत, छाछ आदि वितरित किया जा रहा है

## राकेश मेहता का निधन

**मेघनगर।** भाजपा नेता मुकेश मेहता के अनुज राकेश मेहता का लम्बी बीमारी के चलते मंगलवार को 43 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इससे नगर में शोक की लहर है। मुक्तिधाम में उनके पुत्र तुषार मेहता ने मुखाग्नि दी। अन्तिम यात्रा में पूर्व विधायक कलसिंह भाबर, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश दुबे ,कल्याण डामोर विजय नायर, विमल जैन प्रकाश भण्डारी सहित बड़ी संख्या मे पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

